फैक्स/तत्काल

संख्या-8/4592/9-1-2014-1बजट/14

प्रेषक,

सुधीर सिंह चौहान,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

विषय:- माघ मेला, इलाहाबाद, 2015 की व्यवस्था हेतु बजट की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-397/पन्द्रह-मा0मे0(2014-15) दिनांक 22.10.2014 के संन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय माघ मेला, इलाहाबाद, 2015 की व्यवस्था हेतु रू0-28,00,00,000/-(रू0 अठ्ठाईस करोड़ मात्र) निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आवंटित करते हुए व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

(1) उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

(2) स्वीकृत धनराशि से अधिक का व्यय करके देनदारी नहीं सृजित की जायेगी।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन एवं महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद को समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जायेगा।

2. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-37 के लेखा शीर्षक-2053-जिला प्रशासन-आयोजनेत्तर-094-अन्य स्थापनायें-03-माघ मेला अधिष्ठान-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

3. उक्त् आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 द्वारा प्रशासनिक विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(सुधीर सिंह चौहान)
संयुक्त सचिव।

संख्या-8/4592(1)/9-1-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथमउ0प्र0, इलाहाबाद।
3. प्रभारी अधिकारी, माघ मेला, इलाहाबाद।
4. कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6. सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट/विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(बिहारी लाल काने)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in